प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 26.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से जनगणना अभियान को सफल बनाने का किया आवाह्न, फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की सफल शुरूआत पर परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की।
2. जेपीएससी ने रांची और बोकारो के एक–एक परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र को लेकर हुए हंगामे के बाद दो अलग–अलग विषयों की जेट परीक्षा रद्द की।
3. धनबाद जिले में भू–धंसान के मामलों के बाद प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम को कोल इंडिया ने दी मंजूरी।
4. मौसम विभाग ने रांची, बोकारो, देवघर, पूर्वी सिंहभूम समेत पंद्रह जिलों में अगले कुछ घंटों में मेघ गर्जन के साथ बारिश का जताया पूर्वानुमान। तेज हवा चलने के भी आसार।

और

5. बिलासपुर में आयोजित 8वीं नवभारत ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी सिमडेगा ने पहले मैच में स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड दिल्ली को 3–0 से किया पराजित।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज कहा कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है। श्री मोदी ने बताया कि जनगणना प्रक्रिया को आसान बनाया गया है ताकि लोग अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकें। उन्होंने देशवासियों से इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह परमाणु सयंत्र पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बना है। इससे देश का गौरव बढ़ा है।

कार्यक्रम में श्री मोदी ने बच्चों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे गर्मी की छुट्टियों में कुछ नया सीखने का प्रयास करें।

******************

झारखंड लोक सेवा आयोग ने बोकारो सेक्टर–9 के सरदार पटेल पब्लिक स्कूल में और रांची जिला स्कूल में प्रश्न पत्र को लेकर हुए हंगामे के बाद दोनों केंद्रों की संबंधित विषयों की परीक्षा रद्द कर दी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बोकारो में शिक्षा विषय का प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पहुंचा ही नहीं जबकि रांची जिला स्कूल में उड़िया विषय में परेशानी को लेकर परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। इसकी शिकायत मिलने के बाद आयोग ने दोनों केंद्रों में संबंधित दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी। आयोग परीक्षा की नयी तिथि की घोषणा वेबसाइट पर करेगा।

******************

परीक्षा पत्र को लेकर हुए हंगामे के बाद बोकारो पहुंचे मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह मामला काफी गंभीर है और यह जेपीएससी की लापरवाही है। उपायुक्त से मामले की रिपोर्ट लेकर सरकार को अवगत कराया जायेगा।

वहीं परीक्षार्थियों ने भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

******************

धनबाद जिले में लगातार तीन बार टांडाबाड़ी और अन्य इलाकों में हुए भू–धंसान के बाद उपायुक्त आदित्य रंजन के प्रस्ताव पर कोल इंडिया ने इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम को मंजूरी दे दी है। कोल इंडिया की ओर से इस प्रस्ताव को अंतिम अनुमोदन के लिए कोयला मंत्रालय को भेजा गया है। मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद इस पर काम शुरू होगा। गौरतलब है कि इसके तहत भू–धंसान, आग या गैस रिसाव की स्थिति में प्रभावित परिवारों की त्वरित पहचान कर उनकी शिफ्टिंग सुनिश्चित की जा सकेगी। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि संशोधित झरिया मास्टर प्लान के तहत अग्नि प्रभावित इलाकों में रह रहे क़रीब एक लाख 5 हज़ार परिवारों का पुनर्वास किया जाना है।

******************

प्रदेश भाजपा ने स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी द्वारा अंतिम संस्कार करने के संबंध में दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति जतायी है। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी को दूसरों के अंतिम संस्कार की चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में गिराकर खूब तालियां बजायी। ये तालियां महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने वाली थीं।

******************

हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र की दनुआ घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने आज दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिले के एसपी अमन कुमार ने सड़क हादसों को रोकने के लिए शॉर्ट और लॉन्ग टर्म पर काम करने पर जोर दिया।. उन्होंने सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए एनएचएआई के अधिाारियों को सख्त निर्देश दिए।

गौरतलब है कि बीती रात दनुआ घाटी में हुए हादसे में 6 लोगों की मौत हो गयी जिसमें एक ही परिवार के 5 सदस्य और एक ड्राइवर शामिल है।

******************

कोडरमा जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष के निर्देश पर कोडरमा पुलिस ने ऑपरेशन ऑल आउट चलाकर एक दिन में 61 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कई ऐसे वारंटी हैं, जो कई सालों से फरार चल रहे थे। तिलैया थाना क्षेत्र से 19, कोडरमा थाना क्षेत्र से 4, चंदवारा थानाक्षेत्र से 7, डोमचांच थानाक्षेत्र 10, जयनगर थानाक्षेत्र 9, नवलशाही थानाक्षेत्र 5, मरकच्चो थानाक्षेत्र 2, सतगावां थानाक्षेत्र से 3 और तिलैया डैम ओपी 2 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई।

******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले कुछ घंटों में मेघ गर्जन के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान कुछ जगहों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। जिन जिलों के लिए विभाग ने अलर्ट जारी किया है उनमें बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, दुमका, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, रांची, खूंटी, जामताड़ा, सरायकेला–खरसावां, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम हैं।

******************

बिलासपुर में 8वीं नवभारत ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी सिमडेगा की टीम ने अपने पहले मैच में स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड दिल्ली को 3–0 से पराजित कर दिया। सिमडेगा टीम की ओर से कप्तान रीना कुल्लू, जमुना कुमारी और अनुप्रिया सोरेंग ने की एक–एक गोल किया। हॉकी सिमडेगा की पहली जीत पर हॉकी सिमडेगा और खेल विभाग के पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों ने टीम को दी बधाई दी।

******************

रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में एक मई से आयोजित तीसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए झारखंड मेज़बान टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम में कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेंशी सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि सभी खिलाड़ी प्रदर्शन करेंगे।

*****समाप्त*******